कार्यालय : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग।

पत्रांक ..../जि0ग्रा0

प्रेषक,

उपायुक्त
हजारीबाग।

सेवा में,

जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी,
हजारीबाग।

हजारीबाग, दिनांक ..../2022

विषय : प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर गठित PMU के नियुक्ति से संबंधी सूचना का प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची से प्राप्त निदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत प्रखण्ड स्तर पर गठित PMU में नियुक्ति से संबंधी विज्ञापन सामग्री हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में संलग्न कर भेजा जा रहा है।

निदेश दिया जाता है कि संलग्न विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार-पत्रों के हजारीबाग संस्करण एवं राँची संस्करण में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही प्रकाशित विज्ञापन की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/-

उपायुक्त, हजारीबाग।

ज्ञापांक ...1231.../जि0ग्रा0 दिनांक ...30/8...../2022

प्रतिलिपिः- जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि नियुक्ति से संबंधित सूचना का प्रकाशन hazaribag.nic.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : सरकार के अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची को विज्ञापन के प्रति के साथ सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि विभागीय Recuritment Portal पर आवेदन प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये।

उपायुक्त, हजारीबाग।

F:/02.01.2020/Rakesh/Anil/Letter

कार्यालय : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत प्रखण्ड स्तर पर गठित PMU में संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर PMU के गठन हेतु ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार से प्राप्त निदेशानुसार विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। रिक्तियों की संख्या एवं अर्हता निम्नवत है :–

क्र0	पद का नाम	कुल रिक्ति	कोटिवार रिक्ति	उम्र सीमा	मासिक मानदेय	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता
1	प्रखण्ड समन्वयक	03	अनारक्षित –02 अनुसूचित जाति – 01	22–45 वर्ष	18000/–	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से रूरल मैनेजमेंट/कोऑपरेटिव मैनेजमेंट/ सोशल वर्क में स्नातक उत्तीर्ण एवं एक वर्ष का कार्यानुभव। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं एक वर्ष का कार्यानुभव।
2	लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर	05	अनारक्षित –01 अनुसूचित जाति – 02 अत्यन्त पिछड़ा वर्ग – 02	18–30 वर्ष	10000/–	मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय/ संस्थानों से वाणिज्य (Commerce) विषय में इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण एवं Diploma in Computer Application (DCA) के साथ 6 माह का कार्यानुभव तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण दक्षता अनिवार्य।

- उम्र की गणना 01.08.2022 के आधार पर की जायेगी।
- उपर्युक्त अनिवार्य योग्यता के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को पदानुसार आवश्यक शैक्षणिक अर्हता के आलोक में मैट्रिक/दसवीं कक्षा एवं इंटरमीडिएट/10+2 कक्षा झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से उतीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी को स्थानीय रीति–रिवाज, भाषा एवं परिवेश का ज्ञान होना अनिवार्य है।

  परन्तु यह कि झारखण्ड राज्य के आरक्षण नीति से आच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक/दसवीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट/10+2 कक्षा उत्तीर्ण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेंगे।
- संविदा आधारित नियुक्ति के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण, स्थानीयता एवं अन्य निदेश लागू होंगे।
- आवेदक ऑन–लाईन आवेदन विभागीय पोर्टल http:/applyrddjharkhand.gov.in पर दिनांक 03/09/22 से 10/09/22 तक आवेदन भर सकेंगे। नियुक्ति के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश hazaribag.nic.in पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त, हजारीबाग।

F:/02.01.2020/Rakesh/Anil/Letter